**प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद**

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक **26-09-2025** को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

**1-मारपीट कर,मृत्यु का भय दिखाकर रंगदारी मांगने का आरोपी गिरफ्तार,थाना कटघरः-**

**अवगत कराना है दिनांक 10.07.2025 को वादी उमेश उर्फ भोला पुत्र महेन्द्र निवासी सूरजनगर पीतलनगरी थाना कटघर जनपद मुरादाबाद ने अभियुक्त द्वारा वादी से गाली-गलौज कर मारपीट करने तथा वादी का मोबाईल फोन तोड देने व मृत्यु का भय दिखाकर रंगदारी में रूपये ले लेने के सम्बन्ध में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना कटघर पर मु0अ0सं0-432/2025 धारा-115(2)/352/324(4)/308(5) बीएनएस-2023 पंजीकृत किया गया। उक्त संबंध में विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त आज दिनांक 26.09.2025 को उ0नि0 श्री राजकुमार थाना कटघर द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी दीपक पुत्र स्व0 अशोक कुमार निवासी ग्राम भदासना थाना मूंढापाण्डे जनपद मुरादाबाद हाल पता सांईपुरम काशीराम नगर थाना मझौला,मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।**



**गिरफ्तार आरोपीः-**

**दीपक पुत्र स्व0 अशोक कुमार निवासी ग्राम भदासना थाना मूंढापाण्डे जनपद मुरादाबाद हाल पता सांईपुरम काशीराम नगर थाना मझौला,मुरादाबाद**

**2-अवैध 573 ग्राम चरस सहित तस्कर गिरफ्तार,थाना कटघरः-**

**अवगत कराना है दिनांक 25.09.2025 को उ0नि0 श्री कपिल कुमार थाना कटघर द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी शहनवाज पुत्र हनीफ निवासी जाहिद नगर नूरी मस्जिद के पास थाना कटघर, मुरादाबाद को 573 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना कटघर पर मु0अ0सं0-603/2025 धारा-8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।**



**गिरफ्तार आरोपीः-**

**शहनवाज पुत्र हनीफ निवासी जाहिद नगर नूरी मस्जिद के पास थाना कटघर, मुरादाबाद**

**बरामदगीः-**

**573 ग्राम चरस**

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

**उ0नि0 कपिल कुमार थाना कटघर,मुरादाबाद।**

**उ0नि0 गौरव राठौर थाना कटघर,मुरादाबाद।**

**का0 सागर चौहान थाना कटघर,मुरादाबाद।**

**का0 पलक बालियान थाना कटघर,मुरादाबाद।**

**3-जनपदीय पुलिस द्वारा 01 वारंटी तथा शांति व्यवस्था भंग करने में 03 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।**

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत जनपदीय पुलिस **द्वारा 01 वारंटी तथा 03 व्यक्तियों** को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 में हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**वारंटीः-**

**थाना पाकबड़ा-01**

**शांति व्यवस्था भंग के आरोपीगण विवरणः-**

**थाना कटघर-01,थाना कोतवाली नगर-01,थाना पाकबड़ा-01**